**आठवीं बोर्ड परीक्षा सत्र -2025**

**कक्षा-8वीं**

**विषय -सामाजिक विज्ञान**

**समय-3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

---

**खण्ड-अ**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1-8)**

**नीचे दिए गये प्रश्नों में से सही विकल्प चुनें-**

**प्र.1. 17 जुलाई, 1734 को आयोजित हुरडा सम्मेलन में निम्न में से राजस्थान के किस शासक ने भाग लिया ?**

(अ) सवाई जयसिंह (आमेर) (ब) महाराणा जगतसिंह (मेवाड़)

(स) अभयसिंह (जोधपुर) **(द) उपर्युक्त सभी**

**प्र.2. रॉबर्ट क्लाइव ने हिन्दुस्तान के नक्शे बनाने का काम सौंपा था-**

(अ) इरविन को (ब) जेम्स मिल को

(स) लॉरेंस को **(द) जेम्स रेनेल को**

**प्र.3. निम्न में से घुमंतू खेती है-**

**(अ) झूम** (ब) बेगा (स) काश्त (द) मुल्क

**प्र.4. विवादों का निपटारा करने वाली संस्था है-**

(अ) कार्यपालिका (ब) व्यवस्थापिका

**(स) न्यायपालिका** (द) उपर्युक्त सभी

**प्र.5. निम्न में से कौन-सा मानव निर्मित संसाधन है?**

**(अ) कैंसर उपचार की औषधियाँ** (ब) झरने का जल

(स) उष्णकटिबंधीय वन (द) उपर्युक्त सभी

**प्र.6.राजस्थान में सर्वप्रथम मराठों ने कब प्रवेश किया था ?**

(अ) 1696 **(ब) 1711** (स) 1719 (द) 1735

**प्र.7. जेम्स मिल कहाँ के रहने वाले थे ?**

(अ) भारत (ब) इंग्लैण्ड **(स) स्कॉटलैण्ड** (द) फ्रांस

**प्र.8. बिरसा का सम्बन्ध था-**

(अ) मालवा के पठार से (ब) दक्कन पठार से

**(स) छोटा नागपुर पठार से** (द) हाड़ौती पठार से

**प्र.9 सत्य व असत्य की पहचान कीजिए -**

(1) मानव संसाधन ही अंतिम संसाधन है। ( **सत्य** )

(2) विश्व का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश चीन है। ( **सत्य** )

(3) विषुवत के दक्षिण की अपेक्षा उत्तर में कम लोग रहते हैं। ( **असत्य** )

(4) विश्व में एशिया में सर्वाधिक जनसंख्या निवास करती है। ( **सत्य** )

**प्र.10.निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| (1) चौथ | (a) मुगल साम्राज्य में बतौर इनाम दिया जाने वाला पद |
| (2) मनसबदार। | (b) भूराजस्व वसूल करने का अधिकार |
| (3) दीवानी | (c) कित्तूर में अंग्रेज विरोधी आन्दोलन का नेतृत्व किया। |
| (4) रानी बेनम्मा | (d) वह कर जो मराठे अपने भूभाग से बाहर वालों से वसूल करते थे। |

उत्तर -1-d 2-a 3-b 4-c

**प्र.11. मजदूरों को उचित वेतन मिल सके इसके लिए सरकार ने कौन-सा कानून बनाया है?**

उत्तर -न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948

**प्र.12. महिला सशक्तीकरण हेतु विद्यमान किन्हीं दो कानूनों के नाम लिखिए।**

**उत्तर**-(i) बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006.

(ii) दहेज निषेध अधिनियम, 1961

**प्र.13. भारतीय ब्रिटिश सैनिक समुद्र पार क्यों नहीं जाना चाहते थे ?**

**उत्तर** –क्योंकि उन्हें लगता था कि समुद्र पार यात्रा से उनका धर्म व जाति भ्रष्ट हो जाएँगे।

**प्र.14. राजस्थान के किन्हीं दो कुटीर उद्योगों के नाम लिखिए।**

**उत्तर** –(i) मिट्टी के बर्तन बनाना।(ii) टोकरी व चटाई बनाना।(iii) हथकरघा उद्योग। (iv) चर्म उद्योग।

## खण्ड–स

**लघुत्तरात्मक प्रश्न**

**प्र.15. मुगल सम्राट द्वारा बंगाल का दीवान ईस्ट इंडिया कम्पनी को बनाये जाने के बाद स्थानीय कारीगर गाँवों को छोड़कर क्यों भागने लगे ?**

**उत्तर** –मुगल सम्राट औरंगजेब द्वारा बंगाल का दीवान ईस्ट इण्डिया कम्पनी को बनाये जाने के बाद स्थानीय कारीगरों को उनके द्वारा उत्पादित सामान को कम्पनी बहुत कम मूल्य देकर खरीदती थी, अतः ये लोग गाँवों को छोड़कर भागने पर मजबूर थे।

**प्र.16. वाणिज्यिक अनाज कृषि का वर्णन करें।**

**उत्तर** –वाणिज्यिक अनाज कृषि वाणिज्यिक कृषि का ही एक प्रकार है। इस प्रकार की कृषि में फसलें वाणिज्यिक उद्देश्य से उगाई जाती हैं। इसमें गेहूँ और मक्का मुख्य रूप से उगाई जाती हैं। विश्व में उत्तरी अमेरिका, यूरोप व एशिया के शीतोष्ण घास के मैदान वाणिज्यिक अनाज कृषि के मुख्य क्षेत्र हैं। ये क्षेत्र सैकड़ों हेक्टेयर के बड़े फार्मों से युक्त न्यून जनसंख्या वाले हैं।

**प्र.17. उद्योगों से उत्पन्न जोखिमों को कम करने के उपाय बताएँ ।**

**उत्तर** – (1) घने बसे आवासीय क्षेत्रों को औद्योगिक क्षेत्रों से अलग बहुत दूर रखा जाना चाहिए।

(ii) उद्योगों के समीप बसने वाले लोगों को दुर्घटना होने की स्थिति में विषैलें या खतरनाक पदार्थों के संग्रहण और उनके संभव प्रभावों का ज्ञान होना चाहिए।

(iii) आग की चेतावनी और अग्निशमन की व्यवस्था को उन्नत किया जाना चाहिए।

(iv) विषैले पदार्थों की भंडारण क्षमता की सीमा होनी चाहिए।

(v) उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण के उपाय को उन्नत किया जाना चाहिए।

**प्र.18 निम्नलिखित तालिका पूर्ण करें-**

| | |
|---|---|
| **1.**लोकसभा व राज्यसभा के सदस्यों को क्या कहते हैं**?** | सांसद |
| 2.भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण प्रतीक क्या है? | संसद |
| 3.भारत कब स्वतंत्र हुआ ? | 15 अगस्त 1947 |
| 4.लोकसभा में सत्ताधारी दल का मुखिया कौन होता है? | प्रधानमंत्री |

**प्र.19** (i)आदिम निर्वाह कृषि के प्रकारों का वर्णन करें।

(ii) उद्योग किसे कहते हैं? आकार के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण करें।

**प्र.20** (i) कच्चे माल के उपयोग के आधार पर उद्योगों को विभाजित कीजिए।

(ii) 1857 की क्रांति के समय राजस्थान में कौन-कौन सी सैन्य छावनियाँ थी ?

**प्र.21.राजस्थान के मानचित्र में दर्शाइए-**

(अ) सिरोही (ब) सीकर (स) जोधपुर (द) जालौर (य) बीकानेर



## खण्ड -द

**निबंधात्मक प्रश्न**

**प्र.22. नीचे दिए गए तीन प्रश्नों में से दो के उत्तर दीजिए-**

(1) अंग्रेजों ने 1857 के विद्रोह को कैसे दबाया ?

(ii) 1937-47 की उन घटनाओं पर चर्चा करें जिनके फलस्वरूप पाकिस्तान का जन्म हुआ ?

(iii) भारत-पाकिस्तान विभाजन के क्या परिणाम निकले ?

**प्र.23. निम्न पर टिप्पणी लिखिए-**

(1) वन्य जीवन (ii) पारितंत्र

**अथवा**

मृदा संरक्षण के उपायों का वर्णन कीजिए।

**प्र.24. किसी लोकतांत्रिक देश को संविधान की जरूरत क्यों पड़ती है?**

**अथवा**

धर्म को राज्य से अलग करने की आवश्यकता क्यों है?

**प्र.25. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(i) राजस्थान के प्रमुख दुर्गों के नाम लिखते हुए एक दुर्ग का वर्णन करें।

(ii) राजस्थान में संगीत कला पर टिप्पणी लिखिए।

(iii) ग्राम पंचायत के आय स्त्रोतों का वर्णन कीजिए।